I/79869/2022

उत्तराखण्ड शासन
आवास अनुभाग–2
ई–फाइल संख्या–32004
HOUS2-MS/1/86/2022-V-2-Awas Department
देहरादून दिनांकः 30 नवम्बर, 2022

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

राज्यपाल, उत्तराखण्ड आवास नीति नियमावली, 2018 (समय–समय पर यथा संशोधित) में अग्रेत्तर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, अर्थात् :–

## उत्तराखण्ड आवास नीति (संशोधन) नियमावली, 2022

**संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारम्भ** 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड आवास नीति (संशोधन) नियमावली, 2022 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

**भाग 4 के बिन्दु संख्या–17(क) का संशोधन** 2. (1) उत्तराखण्ड आवास नीति नियमावली, 2018, (जिसे यहाँ आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान भाग–चार के बिन्दु संख्या 17(क) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया बिन्दु रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

| | स्तम्भ–1 | स्तम्भ–2 |
|---|---|---|
| | **विद्यमान बिन्दु** | **एतदद्वारा प्रतिस्थापित बिन्दु** |
| भाग–4 के बिन्दु संख्या–17 में संशोधन | 17(क)"ऐसी परियोजना जिसमें, निजी निर्माणकर्ता द्वारा भूमि में EWS आवास निर्माण किया जा रहा हो, में निजी निर्माणकर्ता द्वारा सम्पादन की प्रत्याभूति (Performance Guarantee) के रूप में योजना के सम्पूर्ण भूमि क्षेत्र में से, 15 प्रतिशत विक्रय योग्य भूमि क्षेत्रफल, जो डी0पी0आर0 में EWS आवासों के निर्माण हेतु निर्धारित भूमि क्षेत्रफल से पृथक भूमि क्षेत्रफल होगा और जो किसी भी दृष्टि से अनुपयोगी न हो, को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण/स्थानीय विकास | 17(क) EWS भवनों के निर्माण में शासनादेशानुसार 15 प्रतिशत भूमि बंधक रखे जाने के स्थान पर, कुल भू–क्षेत्रफल के 15 प्रतिशत भूमि के सर्किल रेट के आधार पर, जो मूल्य होगा उस मूल्य की प्रत्याभूति (Performance Bank Gurantee) सम्बन्धित विकासकर्त्ता से ली जाएगी तथा निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने एवं लाभार्थियों को भवन आंवटन के उपरान्त उक्त प्रत्याभूति विकासकर्त्ता को वापस कर दी जायेगी। |



Generated from eOffice by PRAMOD KUMAR, RO-PK, REVIEW OFFICER, Aawas Department on 30/11/2022 05:28 PM

| | | |
|---|---|---|
| | प्राधिकरण / उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद / स्थानीय नगर निकाय के पक्ष में, समस्त लाभार्थियों को EWS आवासों के कब्जा प्रदान किये जाने की अवधि तक, बंधक (Mortgage) रखा जायेगा तथा इस पर आने वाला सम्पूर्ण व्यय, निजी निर्माणकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा। सम्पूर्ण EWS आवास परियोजना भूमि क्षेत्रफल का 15 प्रतिशत भूमि क्षेत्रफल बंधक (Mortgage) रख जायेगा"। | |

भाग–7 में बिन्दु संख्या–9(क) का संशोधन

3. (1) मूल नियमावली के बिन्दु संख्या 9क के स्थान पर निम्नलिखित बिन्दु प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा, अर्थात् :–

<u>कार्यपूर्ति एवं भुगतान तालिका</u>

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | बुकिंग | प्लिन्थ लेवल | द्वितीय तल | समस्त तल | आंतरिक फिनिशिंग कार्य | बाह्य फिनिशिंग कार्य | आवंटन | अभ्युक्ति |
| भुगतान | धनराशि | धनराशि | धनराशि | धनराशि | धनराशि | धनराशि | धनराशि | कुल भुगतान |
| लाभार्थी | रू0 5,000.00 | रू0 55,000.00 | रू0 50,000.00 | रू0 60,000.00 | रू0 80,000.00 | रू0 70,000.00 | रू0 30,000.00 | रू0 350,000.00 |
| केन्द्रांश | शून्य | रू0 60,000.00 | — | रू0 60,000.00 | — | रू0 30,000.00 | — | रू0 150,000.00 |
| राज्यांश | शून्य | — | रू0 40,000.00 | — | रू0 40,000.00 | रू0 20,000.00 | — | रू0 100,000.00 |

Signed by Anand Bardhan
Date: 30-11-2022 12:33:05
(आनन्द बर्द्धन)
अपर मुख्य सचिव



Generated from eOffice by PRAMOD KUMAR, RO-PK, REVIEW OFFICER, Aawas Department on 30/11/2022 05:28 PM

I/79867/2022

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of "the Constitution of India" the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification **No. /HOUS2-MS/1/86/2022-V-2-Awas Department, Dated:** 30 **November, 2022** for general information

Government of Uttarakhand
Housing Section-2
E-File Number – 32004
HOUS-2MS/1/86/2022-V-2-Awas Department
Dehradun: Date 30 November, 2022

**Office Memorandum**

The Governor, is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttarakhand housing Policy Rules, 2018, namely:-

**The Uttarakhand Housing Policy (Amendment) Rules, 2022**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Short title, extent and commencement** | 1. | (1) | These rules may be called the "Uttarakhand Housing Policy (Amendment) Rules, 2022." |
| | | (2) | These shall extends to the whole of State of Uttarakhand. |
| | | (3) | It shall come into force at once. |
| **Amendment of Point 17 A of Part 4** | 2. | (1) | In the Uttarakhand Housing Policy Rules 2018, (hereinafter referred to as the principal rules) for the existing point number 17(A) of the Part IV as set out in column-1 below, the point as set out in column-2 shall be substituted, namely |

| | Column-1 | Column-2 |
|---|---|---|
| | **Existing Point** | **Point as hereby substituted** |
| **Amendment of point number 17** | 17. (A) Such projects in which EWS houses are being constructed on private land by the private developer, as a performance guarantee by the private developer, 15% saleable land area of the entire land area of the scheme, which shall be a land area different from the land area earmarked for construction of EWS houses in DPR and which is also not unusable in any view, shall be mortgaged in favor of District Level Development | 17. (A) In place of mortgaging 15% of land area as per Government Order for construction of EWS houses, the performance bank guarantee for the value of 15% of the land of total Project area as per circle rate be taken from the concerned developer and after the construction work having been completed and after possession of houses to the beneficiaries the aforesaid security shall be refunded back to the developer. |



Generated from eOffice by PRAMOD KUMAR, RO-PK, REVIEW OFFICER, Aawas Department on 30/11/2022 05:28 PM

| | | |
|---|---|---|
| | Authority/ Local Development Authority/ Uttarakhand Housing and Development Board/Local Municipal Body till the period of grant of possession of EWS houses to all the beneficiaries and the entire expenditure on it shall be borne by the private developer. In entire EWS housing projects 15 percent land of Project land area shall be mortgaged. | |

**Amendment of Point 17 A of Part 4**

3. (1) In principal Rules in place of Point No. 9A, the following point shall be substituted as under :-

**Work Completion and Payment Table**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Booking | Plinth Level | Second Floor | All Floors | Internal Finishing Work | External Finishing Work | Allotment | Remarks |
| Payment | Amount | Amount | Amount | Amount | Amount | Amount | Amount | Total Payment |
| Beneficiary | Rs. 5,000 | Rs. 55,000 | Rs. 50,000 | Rs. 60,000 | Rs. 80,000 | Rs. 70,000 | Rs. 30,000 | Rs. 3,50,000 |
| Central Contribution | - | Rs. 60,000 | - | Rs. 60,000 | - | Rs. 30,000 | - | Rs. 1,50,000 |
| State Contribution | - | - | Rs. 40,000 | - | Rs. 40,000 | Rs. 20,000 | - | Rs. 1,00,000 |

(Anand Bardhan)
Signed by Anand Bardhan
Date: 30-11-2022 12:32:31
Additional Chief Secretary